हरियाणा सरकार

# विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी विभाग

की

वर्ष 2017–18

की

# वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट

**REVIEW OF ANNUAL ADMINISTRATIVE REPORT OF SCIENCE AND TECHNOLOGY DEPARTMENT FOR THE YEAR 2017-18**

(i) The Science and Technology department incurred an expenditure of Rs. 127.74566 lacs under recurring budget and Rs. 1414.81209 lacs under non-recurring budget for implementing its activities.

(ii) The financial assistance of Rs.1,50,209/- was provided /to seven scientists/research scholars of the state for presenting their paper in the international conference/seminar held abroad.

(iii) The Department organized science quiz competitions for school students at district, zonal and state level.

(iv) The Department also organised science quiz competition for college students at district, zonal and state level.

(v) Science essay writing competitions for school and college students were organised.

(vi) Science conclaves were organized at Bhagat Phool Singh, Mahila Vishwavidyalaya, Khanpur, Kalan and YMCA, University of Science & Tecnology, Faridabad. In these events eminent scientists were invited to interact with the students.

(vii) An amount of Rs. 63,53,867/- was released to the universities under HSCST fellowship programme for onwards disbursement to the Ph.D students.

(viii) 50 students of 2-Yr. M.Sc. and 151 students of 3-Yr. B.Sc./4-Yr. B.S./5-Yr. Integrated M.Sc./M.S. were selected for scholarships under promotion of Science Education (POSE) scholarship scheme. Besides, the scholarships were renewed as per eligibility of the students selected during the previous years.

(ix) Haryana Vigyan Ratna and Yuva Vigyan Ratna Awards were conferred to the scientists selected for the year 2012-13 to 2016-17.

(x) Innovative project proposal up to rupees ten crores were invited under District Innovation Fund from all Head of the Department/Boards & corporations in the State of Haryana, all Deputy Commissioners in the State of Haryana and all Vice Chancellors of State Universities.

(xi) Financial assistance amounting to Rs.48,000/- was provided to CSIO, Chandigarh for organization of seminars/conference.

(xii) Two exposure visits were organized for the meritorious students studying in Govt. schools of the state.

(xiii) For Celebration of National Technology Day – 2017 financial assistance amounting to Rs. 4.40 lacs was provided to 10 Polytechnics/ITI & 17 engineering colleges/university department of engineering of the State.

(xiv) For selecting 1,000 students under Haryana Science Talent Search scholarship scheme SCERT, Gurugram conducted NTSE stage-I examination.

(xv) Ministry of Culture, Govt. of India agreed in principle for setting up of Science City in NCR. Six sites were identified for further inspection by the team of Ministry of Culture, Govt. of India.

(xvi) For setting up Sub Regional Science Centre at Ambala land of 5 acres adjoining the site of War Heroes Memorial at Ambala was registered in the name of S&T Department, Haryana. The work of dewatering, earth filling and leveling of the site is being executed through PWDB&R, Ambala.

(xvii) S&T Council released Rs. 1,70,000/- to six universities for implementation of Intellectual Property Right sensitization programmes.

(xviii) Regular shows and educational activities were organized at the Kalpana Chawla Memorial Planetarium, Kurukshetra. 1,35,293 visitors visited the Planetarium and revenue of Rs. 30,97,405/- was generated through sale of ticket.

(xix) The Centre for Plant Biotechnology has well equipped plant tissue culture laboratories and it is engaged in the production of elite germplasm of several crops through tissue culture technique. The centre has generated total revenue of Rs. 3,52,392/- lacs during the year under report.

(xx) Haryana Space Application Centre (HARSAC), Hisar has taken up the following major projects during the year: -

- Geospatial Applications for Municipal Corporation Gurugram
- Geospatial Applications for Municipal Corporation Rohtak
- Setting up of GIS Lab at District Head Quarter, Jind
- UAV based Geospatial Mapping for Property Tax in Municipal Area of Bhiwani
- Urban Change Management Analysis Using Geospatial Technology for Gurugram and Faridabad Using High Resolution Satellite Image (4 times in a year).
- Urban Change Management Analysis Using Geospatial Technology for Karnal Using UAV Data (4 times in a year)
- Setting up the GIS lab at M.C. Faridabad (MCF)
- Preparation of Wetland Atlas of Haryana
- GIS Database Creation of Government and Private ITI's in Haryana
- GIS Mapping of Educational Institutes in Haryana
- Palaeochannels' Superimposition on Cadastral Data of Yamunanagar, Kurukshetra and Kaithal Districts of Haryana
- Preparation of Low Lying Area Maps of Haryana on 1:50,000 Scale
- Preparation of District Wise Maps Showing 10 Km Radius Buffer of Each Govt. College and Aided College with Locations of 10+2 Govt. and Private Schools in Haryana
- Satellite Mapping of Archaeological Sites and Monuments in Haryana
- GIS Mapping of Government Schools in Haryana
- GIS Mapping of Harappan Archaeological Sites in Haryana
- GIS Cell, PHED, Panchkula
- GIS Cell, HSPCB, Panchkula

- Geospatial Assistant Course at Govt. ITI, Panchkula
- Monitoring and Evaluation of Watersheds of IWMP in Haryana
- Forecasting Agricultural output using Space, Agro-meteorology and Land Based Observation & National Agricultural Drought Management System (FASAL & NADAMS)
- Monitoring Wheat and Rice Stubble Burning for Major Twelve and Ten Growing Districts of Haryana
- C(K)rop Insurance using Space Technology And geoiNformatics (KISAN)
- Applications of Remote Sensing and GIS in Sericulture Development-Phase II
- Development of Haryana Spatial Data Infrastructure (HSDI)
- Road Information System (E-road) Project
- Harmonization of Administrative Village Boundary Project
- Waste Land Change Detection Analysis 2015-16 Project
- Empowering Panchayati Raj Institutions Spatially (EPRIS)
- National Land Use Land Cover Analysis-Third Cycle project(1:50000 Scale)
- Ease of Doing Business
- Satellite Survey of Tangri River in Ambala District
- Desertification Status Mapping (Cycle II)
- Digitization of Forest Boundaries in Haryana
- National Land Degradation Change Detection
- Geo Mapping and Creation of Geo-Database of Industries in Haryana
- Survey of Pollution Sources from Where Effluent is Going to Rivers/Drains
- Demarcation of Water Sample Points, Water Quality, Pollution Level and Geo-database Creation in Haryana State
- GIS Integration with PHED ERP online
- Training and Capacity Building Programmes
- M. Tech. (Geo-informatics) Programme in Collaboration with G.J.U., S & T, Hisar

Amit Jha, IAS
Additional Chief Secretary to Govt.
Haryana, Science and Technology
Department

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की वर्ष 2017–18 की वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट की समीक्षा

(i) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने अपनी गतिविधियों के संचालन पर आवर्ती बजट के अन्तर्गत 127.74566 लाख रुपये तथा अनावर्ती बजट के अर्न्तगत 1414.81209 लाख़ रूपये की राशि खर्च की।

(ii) राज्य के सात वैज्ञानिकों/शोध छात्रों को विदेशो में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला/सम्मलेन में शोध पत्र प्रस्तुत करने के लिए 1,50,209/– रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की।

(iii) विभाग ने राज्य के स्कूल विद्यार्थियों के लिए जिला, जोन व राज्य स्तर पर विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की।

(iv) विभाग ने कॉलेज विद्यार्थियों के लिए भी जिला, जोन व राज्य स्तर पर 'विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं' आयोजित की।

(v) स्कूल एवं कालेज के विद्यार्थियों के लिए विज्ञान निबन्ध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

(vi) भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां एवं वाई.एम.सी.ए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद में विज्ञान सम्मेलनों का आयोजन किया गया। इन सम्मेलन में प्रख्यात वैज्ञानिकों को विद्यार्थियों के साथ संवाद करने के लिए बुलाया गया।

(vii) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी फैलोशिप कार्यक्रम के अन्तर्गत 63,53,867/– रूपये की राशि पी.एच.डी विद्यार्थियों को वितरण के लिए विश्वविद्यालयों को जारी की गई।

(viii) विज्ञान शिक्षा को बढ़ावा देने बारे छात्रवृति स्कीम के अन्तर्गत 2–वर्षीय एम.एस.सी. (प्रथम वर्ष) के 50 विद्यार्थियों एवं 3–वर्षीय बी.एस.सी/4–वर्षीय बी.एस./5–वर्षीय समन्वित एम.एस.सी./एम.एस. (प्रथम वर्ष) के 151 विद्यार्थियों का चयन किया गया। इसके अतिरिक्त पिछले वर्षो के दौरान चुने गए विद्यार्थियों को उनकी योग्यता अनुसार छात्रवृति राशि जारी रखी गई।

(ix) वर्ष 2012–13 से 2016–17 तक के हरियाणा विज्ञान रत्न एवं युवा विज्ञान रत्न पुरस्कार चयनित वैज्ञानिकों को प्रदान किए गए।

(x) जिला नवाचार निधि योजना के अंर्तगत हरियाणा राज्य में सभी विभागों/बोर्डस एवं निगमों के प्रमुखों से, राज्य के सभी उपायुक्तों से और राज्य विश्वविद्यालयों के सभी कुलपतियों से दस करोड़ रूपये तक के नवाचार परियोजना प्रस्ताव आमंत्रित किये गये।

(xi) विभाग ने सी.एस.आई.ओ, चण्डीगढ़ को सेमिनार/कार्यशाला के आयोजन के लिए 48,000/– रूपये की राशि प्रदान की।

(xii) विभाग ने राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले मेधावी छात्रों के लिए दो एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया।

(xiii) राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस– 2017 के आयोजन के लिए 10 पॉलिटेक्निक/औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान और 17 इंजीनियरिंग कॉलेज/विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग व प्रौद्योगिकी विभाग को 4.40 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की।

(xiv) हरियाणा विज्ञान प्रतिभा खोज छात्रवृति योजना के अंतर्गत 1,000 छात्रों के चयन के लिए एस.सी.ई.आर.टी., गुरुग्राम ने एन.टी.एस.सी. पहले स्तर की परिक्षा आयोजित की।

(xv) एन.सी.आर में सांइस सिटी की स्थापना के लिए संस्कृति मंत्रालय ने सैद्धान्तिक रूप में स्वीकृति दी तदानुसार गुरूग्राम में सांइस सिटी की स्थापना के लिए 6 साईटों का चयन किया जिनका संस्कृति मंत्रालय की टीम द्वारा निरीक्षण किया जाना है।

(xvi) अंबाला में उप क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र की स्थापना के लिए वार हिरोज मेमोरियल की जगह के साथ 5 एकड़ भूमि विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी विभाग, हरियाणा के नाम से पंजीकृत की गई। पानी निकासी, मिट्टी डालने, भूमि को समतल करने एवं चार दीवारी के निर्माण का कार्य लोक निर्माण विभाग अम्बाला द्वारा करवाया जा रहा है।

(xvii) परिषद् ने राज्य के छः विश्वविद्यालयों में बौद्विक संपदा अधिकार जागरूकता कार्यक्रम के कार्यान्वन हेतू, 1,70,000/– रूपये की राशि जारी की।

(xviii) वर्ष के दौरान कल्पना चावला स्मारक तारामण्डल, कुरूक्षेत्र में नियमित शो दिखाए गए एंव अन्य शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित की गई। वर्ष के दौरान 1,35,293 दर्शकों ने तारामण्डल का भ्रमण किया एवं टिकट की बिक्री से 30,97,405/–रुपए का राजस्व अर्जित किया।

(xix) पादप जैव प्रौद्योगिकी केन्द्र में साजोसामान से युक्त प्लांट टिशु कल्चर प्रयोगशालाएं हैं। यह केन्द्र टिशु कल्चर तकनीक से विभिन्न प्रजातियों के पौधे विकसित कर रहा है। केन्द्र ने वर्ष के दौरान कुल 3,52,392/–रूपये का राजस्व अर्जित किया।

(xx) हरियाणा अंतरिक्ष अनुप्रयोग केन्द्र ने वर्ष के दौरान निम्नलिखित परियोजनाओं पर कार्य कियाः –

- नगर निगम गुरूग्राम के लिए भू–स्थानिक अनुप्रयोग।
- नगर निगम रोहतक के लिए भू–स्थानिक अनुप्रयोग।
- जिला मुख्यालय जींद में जीआईएस लैब की स्थापना।
- भिवानी के नगर क्षेत्र में संपत्ति कर के लिए यूएवी आधारित भू–स्थानिक मानचित्रण।
- भू–स्थानिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करके हाई रिज़ोलुशन उपग्रह चित्र द्वारा गुरूग्राम और फरीदाबाद के लिए शहरी परिवर्तन प्रबंधन विश्लेषण (एक वर्ष में 4 बार)
- भू–स्थानिक प्रौद्योगिकी का उपयोग कर के यूएवी डेटा द्वारा करनाल के लिए शहरी परिवर्तन प्रबंधन विश्लेषण (एक वर्ष में 4 बार)
- नगर निगम फरीदाबाद में जीआईएस प्रयोगशाला की स्थापना।
- हरियाणा के वेटलैंड एटलस की तैयारी।
- हरियाणा में सरकारी और निजी आईटीआई का जीआईएस डाटाबेस निर्माण।
- हरियाणा में शिक्षण संस्थानों के जीआईएस मानचित्रण।
- हरियाणा के यमुनानगर, कुरूक्षेत्र और कैथल जिलों के कैडस्ट्रल डेटा पर पेलियोचैनल्स का सुपरइम्पोजिशन।
- हरियाणा के निचले क्षेत्रों की 1:50000 पैमाने पर मानचित्रण।
- सरकारी व सहायता प्राप्त महाविद्यालयों एवं 10+2 सरकारी व निजी विद्यालयों का जिलावार 10 किलोमीटर त्रिज्या में मानचित्रण करना।
- हरियाणा में पुरातत्व स्थलों और स्मारकों का उपग्रह मानचित्रण।
- हरियाणा में सरकारी स्कूलों के जीआईएस मानचित्रण।
- हरियाणा में हड़प्पन पुरातत्व स्थलों का जीआईएस मानचित्रण।

- जीआईएस सेल, पी.एच.ई.डी. , पंचकुला।
- जीआईएस सेल, एचएसपीसीबी, पंचकुला।
- राजकीय आई.टी.आई, पंचकुला में भू–स्थानिक (Geo-Spatial) सहायक पाठ्यक्रम।
- हरियाणा में आई.डब्ल्यू. एम. पी (IWMP) के वाटरशेड की निगरानी और मूल्यांकन।
- अंतरिक्ष, कृषि–मौसम विज्ञान और भूमि आधारित निरीक्षण का उपयोग करके कृषि उत्पादन का पूर्वानुमान और राष्ट्रीय कृषि सूखा प्रबंधन प्रणाली (FASAL और NADAMS)
- हरियाणा में धान व गेहूं पुवाल जलाने वाले क्षेत्रों का आंकलन।
- अन्तरिक्ष प्रौद्योगिकी व भौगोलिक सूचना प्रणाली द्वारा फसल बीमा मूल्यांकन।
- रेशम उत्पादन के विकास में सुदूर संवेदन और जीआईएस के अनुप्रयोग–द्वितीय चरण।
- हरियाणा स्पेशिअल डाटा संरचना परियोजना।
- सड़क सूचना सिस्टम (E-road) परियोजना।
- प्रशासनिक गाँव की सीमा का समानीकरण परियोजना।
- बेकार भूमि परिवर्तन विश्लेषण परियोजना।
- पंचायती राज संस्थाओं का स्थानिक रूप से सशक्तिकरण।
- राष्ट्रीय भूमि उपयोग भूमि कवर विश्लेषण–तीसरा चक्र परियोजना (1:50,000 मापक)
- इज ऑफ़ डूइंग बिज़नस।
- अंबाला जिले में टांगरी नदी का सैटेलाइट सर्वेक्षण।
- बंजर स्थिति का मानचित्रण (द्वितीय चक्र)
- हरियाणा में वन सीमाओं का डिजिटाइजेशन।
- राष्ट्रीय भूमि गिरावट परिवर्तन पहचान।
- हरियाणा में इंडस्ट्रीज के जियो–डाटाबेस का जियो मैपिंग एंड क्रिएशन।
- नहरों/नालियों में जा रहे प्रदूषण स्त्रोतों का सर्वेक्षण।
- हरियाणा राज्य में जल नमूना प्वाईंट, जल गुणवत्ता, प्रदूषण स्तर और भू–डेटाबेस निर्माण।
- ईआरपी ऑनलाइन के साथ जीआईएस एकीकरण।
- प्रशिक्षण व तकनीकी क्षमता विकास कार्यक्रम।
- गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय, हिसार के सहयोग से भौगोलिक सूचना प्रणाली में एम. टेक. कोर्स।

अमित झा, आई॰ए॰एस॰
अतिरिक्त मुख्य सचिव हरियाणा सरकार,
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग।

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की वर्ष 2017—18 की वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग वर्ष 1983 में निम्नलिखित उद्देश्यो के साथ सृजित किया हैः —

1. कृषि व उद्योग के लिए नई प्रौद्योगिकियों की पहचान करना तथा उन्हें लागू करना।
2. विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी से सम्बन्धित नीति निर्माण बारे राज्य सरकार को सलाह देना।
3. राज्य की उन्नति के लिए उपयुक्त प्रौद्योगिकियों की पहचान करना।
4. जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा देना।
5. राज्य के सुदूर सवेदंन एंव भौगोलिक सूचना तंत्र तकनीक के उपयोग से विकास कार्यो को बढ़ावा देना।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् के माध्यम से कार्य कर रहा है जो कि नीति निर्माण करने, योजना बनाने, राज्य में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रम एवं स्कीमें चला रही है तथा विकास के लिए उपयुक्त प्रौद्योगिकी की पहचान करके उनके बारे में बताना एवं विकास हेतु उन्हें लागू करने का कार्य भी कर रही है। यह विभाग हरियाणा अन्तरिक्ष अनुप्रयोग केन्द्र (हरसक) के माध्यम से भी कार्य कर रहा है, जो कि राज्य के विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों में सुदूर संवेदी आंकड़ो एवं भू—सूचना प्रणाली के विकास तथा उपयोग के लिए एक अग्रणी संस्था है। इसके अतिरिक्त, विभाग जैव प्रौद्योगिकी, अनुसंधान एवं विकास, खगोलीय विज्ञान प्रोत्साहन इत्यादि गतिविधियों बारे बहुत सी स्कीमें चला रहा है। वर्ष के दौरान विभाग ने अपने आवर्ती बजट के अन्तर्गत 127.74566 लाख रुपये तथा अनावर्ती बजट के अर्न्तगत 1414.81209 लाख़ रूपये के लिए खर्च किए।

विदेशों में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सेमीनार/कार्यशाला में भाग लेने के लिए सहायता अनुदान

विभाग द्वारा राज्य के अनुसधांन संस्थाओं/विश्वविद्यालयों/कार्यालयों में कार्यरत वैज्ञानिकों, अभियन्ताओं, डाक्टरों एंव शैक्षणिक/अनुसंधान संस्थाओं में पढ रहे शोध छात्र एवं स्नातकोतर छात्रों को विदेशों में आयोजित होने वाली कार्यशालाओं, सम्मेलनों इत्यादि में भाग लेने एवं अपने शोध पत्र प्रस्तुत करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। वर्ष के दौरान डॉ० अंकिता पिपलानी, जूनियर रेजीडेंट, सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग स्नातकोत्तर चिकित्सा विज्ञान संस्थान रोहतक को दिनांक 22 मार्च से 25 मार्च 2017 तक सैन फ्रांसिस्को यू एस ए में आयोजित आई ए डी आर सामान्य सत्र और प्रदर्शनी (IADR General Session & Exhibition 2017) में भाग लेने एवं शोध पत्र प्रस्तुत करने के लिए 40,000/— रूपए, श्री जोगिन्दर सिंह, शोध विद्यार्थी, भैतिकी विभाग गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार को दिनांक 18 जून से 23 जून 2017 तक सिंगापुर में आयोजित 9वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (9th International Conference on Materials for Advanced Technologies ICMAT 2017 at Suntec, Singapore) में भाग लेने एवं शोध पत्र प्रस्तुत करने के लिए 11,919/— रूपए, प्रो0 एस.एस.डुडेजा, जैव और नैनो प्रौद्योगिकी विभाग, गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार को दिनांक 7 से 9 जुलाई 2017 तक जर्मनी में आयोजित संसाधन के माध्यम से कृषि के टिकाऊ तीव्रता पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी प्रबंधन और संरक्षण (International Seminar on Sustainable Intensification of Agriculture through Resource Management and Conservation) में भाग लेने एंव शोध प्रस्तुत करने के लिए 22,435/— रूपए, कुमारी सुमन चौधरी एवं कुमारी रिंकु धनखड़ पी.एच.डी रिर्सच स्कॉलर, माईक्रोबायोलॉजी विभाग, सी.सी.एस. एच.ए.यू. हिसार को दिनांक 28 से 29 जून 2017 तक लंदन में आयोजित 19वें टिकाऊ कृषि, पर्यावरण और वन विज्ञान पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (19th International Conference on Sustainable Agriculture, Environment and Forestry

(ICSAEF 2017) में भाग लेने एवं शोध प्रस्तुत करने के लिए 20,965/– रूपए प्रति, श्री अमित सांगवान, पी एच डी स्कॉलर, पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, (लुवास), हिसार को दिनांक 4 से 5 सितम्बर 2017 तक पेरिस, फ्रांस में आयोजित 7वें अन्तर्राष्ट्रीय पशु चिकित्सा कांग्रेस (7th International Veterinary Congress at Paris, France) में भाग लेने एवं शोध प्रस्तुत करने के लिए 16,213/– रूपए तथा श्री सतनाम सिंह, सहायक प्रौफेसर नार्थ कैप यूनिर्वसिटी, गुरूग्राम को दिनांक 17 से 20 सितम्बर 2017 तक रोमानिया में आयोजित पाउडर घातु विज्ञान और उन्नत सामग्री के 5वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (5th International Conference on Powder Metallurgy & Advanced materials, RoPM&AM2017 held at Cluj-Napoca, Romania) में भाग लेने एंव शोध प्रस्तुत करने के लिए 17,712/– रूपए की वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

हरियाणा राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अमले की स्थिति अनुबन्ध–11 पर दी गई है।

क. हरियाणा राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् **(Haryana State Council for Science and Technology)**

वर्ष के दौरान विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद ने निम्नलिखित गतिविधियां आयोजित कीः –

(i) स्कूल विद्यार्थियों के लिए विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं **(Science Quiz Contest for School Students)**

स्कूल विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच उत्पन्न करने हेतू विज्ञान प्रश्नोतरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं को दो श्रेणियों में बांटा गया जैसे श्रेणी 'क' सी.बी.एस.ई. व आई. सी.एस.ई. से सम्बन्धित स्कूल विद्यार्थियों के लिए और श्रेणी 'ख' हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से सम्बन्धित स्कूल विद्यार्थियों के लिए। दोनों श्रेणियों के लिए पहले जिला, जोन व अन्त में राज्य स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उपरोक्त दोनो श्रेणियों के लिए आयोजित प्रतियोगिताओं में लगभग 1540 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जोनल स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन गुरुग्राम, करनाल, भिवानी व यमुनानगर जिलों में किया गया तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन रोहतक में किया गया।

(ii) कॉलेज विद्यार्थियों के लिए विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं **(Science Quiz Contest for College Students)**

कॉलेज विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच उत्पन्न करने हेतू विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन जिला, जोन व राज्य स्तर पर किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 810 छात्रों/प्राध्यापकों ने भाग लिया। जोनल स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन करनाल, यमुनानगर, भिवानी व वल्लभगढ़ जिलों में किया गया तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन रोहतक में किया गया।

(iii) स्कूल व कालेज विद्यार्थियों के लिए विज्ञान निबन्ध लेखन प्रतियोगिताएं **(Science Essay Writing Competition for School and College Students)**

स्कूल एवं कालेज के विद्यार्थियों के लिए अलग–अलग से विज्ञान निबन्ध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय विज्ञान निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल व कालेज के विद्यार्थियों के लिए संबधित जिला शिक्षा अधिकारियों एवं कालेज प्राचार्यों द्वारा, विभाग की दिशा–निर्देशों व विषयों के अनुसार किया गया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन परिषद् द्वारा कुरूक्षेत्र व रोहतक में किया गया। इस प्रतियोगिता में 159 स्कूल विद्यार्थियों व 140 कॉलेजों विद्यार्थियों ने भाग लिया।

(iv) विज्ञान सम्मेलन **(Science Conclave)**

विभाग ने दिनांक 6 से 7 अक्तूबर 2017 को भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां में तथा 25 से 26 अक्तूबर 2017 को वाई. एम.सी.ए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद में विज्ञान

सम्मेलनों का आयोजन किया। इन सम्मेलनों में लगभग 1000 छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर विख्यात वक्ताओं ने विभिन्न वैज्ञानिक विषयों पर लोकप्रिय व्याख्यान दिए तथा विद्यार्थियों को अपने भविष्य के लिए विज्ञान विषयों पर शोध करने हेतु प्रोत्साहित किया।

(v) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी फैलोशिप **(Science and Technology Fellowship)**

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी फैलोशिप योजना के तहत दिसम्बर 2016 एवं जून 2017 में आयोजित संयुक्त सी.एस.आई.आर यूजीसी नेट परीक्षा के छात्रों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये। फैलोशिप राशि पहले दो वर्षों के लिए रूपये 18,000/– प्रति माह व तीसरे एवं बाद के वर्षों के लिए रूपये 21,000/– प्रति माह है। इस योजना के तहत 63,53,867/– रूपये की राशि **Ph.D** छात्रों को वितरण के लिए विश्वविद्यालयों को जारी की गई।

(vi) विज्ञान की शिक्षा को बढ़ावा देने बारे छात्रवृति योजना **(Promotion of Science Educaton Scholarship Scheme)**

मेधावी छात्रों को विज्ञान शिक्षा की ओर प्रोत्साहित करने तथा उन्हें अपनी विज्ञान शिक्षा उच्च स्तर तक जारी रखने हेतू विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी परिषद् द्वारा 3–वर्षीय बी.एस.सी./4–वर्षीय बी.एस./5–वर्षीय समन्वित एम.एस.सी./एम.एस. तथा 2–वर्षीय एम.एस.सी. छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। यह छात्रवृत्ति मूल एवं प्राकृतिक विज्ञान विषयों जैसे (1) भौतिकी विज्ञान, (2) रसायन विज्ञान, (3) गणित, (4) जीव विज्ञान, (5) सांख्यिकी, (6) भू–विज्ञान, (7) खगोल भौतिकी, (8) खगोल विज्ञान, (9) इलेक्ट्रॉनिक्स, (10) वनस्पति विज्ञान, (11) जूलॉजी, (12) जैव रसायन विज्ञान, (13) नृविज्ञान (Anthropology), (14) सूक्ष्म जीव विज्ञान, (15) भू–भौतिकी, (16) भू–रसायन विज्ञान, (17) वायुमंडलीय विज्ञान और (18) समुद्रीय विज्ञान को प्रदान की जाती है। 3–वर्षीय बी.एस.सी छात्रों के लिए छात्रवृत्ति की राशि 4,000/– रुपये प्रतिमाह, 2–वर्षीय एम.एस.सी छात्रों के लिए छात्रवृत्ति की राशि 6,000/– रूपये प्रतिमाह है। अगर छात्र 4–वर्षीय बी.एस या 5–वर्षीय समन्वित एम.एस.सी. /एम.एस. मे प्रवेश लेते हैं तो उन्हें पहले, दूसरे और तीसरे वर्ष के दौरान छात्रवृति की राशि रूपये 4000/– प्रतिमाह तथा चौथे व पाँचवे वर्ष के दौरान रूपये 6000/– प्रतिमाह है। इसके अलावा 3–वर्षीय बी.एस.सी छात्रों को रूपये 12000/–, 4–वर्षीय बी.एस छात्रों को रूपये 17000/–, 5–वर्षीय एम.एस.सी छात्रों को रूपये 22000/– और 2–वर्षीय एम.एस.सी छात्रों को रूपये 10,000/– की एकमुस्त अनुसंधान मेंटरशिप राशि भी प्रदान की जाती है। वर्ष 2017–18 के दौरान छात्रवृति के लिये ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये। वर्ष 2017–18 के दौरान 3–वर्षीय बी.एस.सी./4–वर्षीय बी.एस./5–वर्षीय समन्वित एम.एस.सी./एम.एस. पाठ्यक्रम के 151 छात्रों को तथा 2–वर्षीय एम.एस.सी. पाठ्यक्रम की 50 छात्रों का स्कीम के मापदंडों के अनुसार योग्यता के आधार पर चयन किया व छात्रवृति की पहली किस्त छात्रों को दी गई। इसके अतिरिक्त पिछले वर्षो में चयनित विद्यार्थियों को योग्यतानुसार छात्रवृति जारी रखी गई।

(vii) हरियाणा विज्ञान रत्न एवं युवा विज्ञान रत्न पुरस्कार **(Haryana Vigyan Ratna and Yuva Vigyan Ratna Awards)**

राज्य के वैज्ञानिकों को एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित करने के लिए हरियाणा विज्ञान रत्न एवं युवा विज्ञान रत्न पुरस्कार योजना चलाई जा रही है। वर्ष 2015–16 एवं 2016–17 के पुरस्कारों को अंतिम रूप दिया गया। माननीय राज्यपाल हरियाणा द्वारा हरियाणा राजभवन में दिनांक 10 मई 2017 को राज्य स्तरीय समारोह में वर्ष 2012–13 से वर्ष 2016–17 तक के हरियाणा विज्ञान रत्न और युवा विज्ञान रत्न पुरस्कार प्रदान किए गए। वर्ष 2012–13 से 2016–17 के लिए पुरस्कार विजेताओं के नाम निम्नानुसार हैः–

| वर्ष | विज्ञान रत्न | युवा विज्ञान रत्न |
|---|---|---|
| 12–13 | प्रो0 के.सी. बंसल, भूतपूर्व निदेशक राष्ट्रीय पादप आनुवांशिक संसाधन ब्यूरो नई दिल्ली | 1. श्री अभिनीत कौशिक, बह्ममोस एयरोस्पेस, उप महाप्रबंधक भारत–रुस संयुक्त उद्यम, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली<br>2. श्री प्रदीप कुमार, वैज्ञानिक–ई, अनुसंधान केन्द्र, इमरात रक्षा अनुसंधान एंव विकास संगठन हैदराबाद |
| 2013–14 | डा0 सतीश कुमार गुप्ता, एमेरिटस वैज्ञानिक, जे.सी. बोस फेलो, पूर्व उप निदेशक जैव कोशिका प्रजनन प्रयोगशाला राष्ट्रीय प्रतिरक्षाविज्ञान सस्थान, नई दिल्ली | 1. डॉ0 दीपक शर्मा, सहायक प्रोफेसर जैव प्रौद्योगिकी विभाग आईआईटी रुड़की, उत्तराखंड<br>2. श्री प्रवीण कुमार, वैज्ञानिक–ई, रक्षा अनुसंधान एंव विकास संगठन दिल्ली |
| 2014–15 | | 1. डॉ0 सविता चौधरी, सहायक प्रोफेसर रसायन विज्ञान विभाग पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़<br>2. डॉ अभिनव ग्रोवर, सहायक प्रोफेसर स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली |
| 2015–16 | | 1. डॉ0 संदीप कुमार, सहायक प्रौफेसर, जैव व नैनो प्रौद्योगिकी विभाग, गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय विज्ञान और प्रौद्योगिकी हिसार, हरियाणा<br>2. डॉ0 विनोद कुमार सहायक प्रौफेसर, रसायन विभाग महर्षि मारकण्डेश्वर विश्वविद्यालय, मुलाना, अंबाला, हरियाणा |
| 2016–17 | | 1. डॉ0 अनुराग कुहाड, सहायक प्रौफेसर फार्माकोलॉजी, औषध विज्ञान संस्थान, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ |

**(viii)** जिला नवाचार निधि **(District innovation fund)**

जिला नवाचार निधि योजना के अंर्तगत हरियाणा राज्य में सभी विभागों/बोर्डस एवं निगमों के प्रमुखों से, राज्य के सभी उपायुक्तों से और राज्य विश्वविद्यालयों के सभी कुलपतियों से दस करोड़ रूपये तक के नवाचार परियोजना प्रस्ताव आमंत्रित किये गये। 31 मार्च, 2018 तक 30 परियोजना प्रस्ताव प्राप्त हुए। भू–स्थानिक सहायक को एक वर्ष के प्रमाण पत्र का कोर्स शुरू करने के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई. टी.आई) विभाग को रूपए 74,40,000/– जारी किए गए। सभी उपायुक्तों से अनुरोध किया गया है कि वे जिला नवाचार निधि के तहत खर्च नहीं हुई राशि ब्याज सहित इस कार्यालय को लौटाएँ। 20 जिलों से 10,93,17,973. 02/– रूपये की राशि प्राप्त हुई है।

जिला नवाचार निधि के तहत निम्नलिखित क्षेत्रों में सभी से परियोजना प्रस्ताव आमंत्रित किए गऐ थे।

- धान के भूसे का प्रंबधन ओर निपटान के लिए विशेष उपकरण की रूप रेखा बनाना।
- धान के भूसे का प्रंबधन के लिए माइक्रोबियल समाधान।
- धान के भूसे का उपयोग कर औद्योगिक उपफल।

**(ix)** कार्यशाला/संगोष्ठी **(Workshop/Conference)**

विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी के उभरते हुए क्षेत्रों में कार्यशाला/संगोष्ठी आयोजित करने के लिए विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी विभाग हरियाणा ने सी.एस.आई.ओ., चण्डीगढ को 48,000/– रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की।

**(x)** मेधावी छात्रों के लिए एक्सपोजर विजिट **(Exposure Visit for Meritorious Students)**

विभाग ने सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले मेधावी छात्रों के लिए दो एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया। पहली विजिट राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र एवं नेहरु तारामडंल, दिल्ली में दिनांक 23 नवंबर, 2017 को की गई जिसमें 68 छात्रों ने भाग लिया और दूसरी विजिट पुष्पा गुजराल सांइस सिटी, कपूरथला में दिनांक 28 से 30 नवंबर, 2017 को की गई जिसमें 70 छात्रों ने भाग लिया।

**(xi)** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस **(National Technology Day)**

राज्य के तकनीकी और इंजीनियरिंग संस्थानों जैसे इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलीटेक्निक, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के छात्रों, शिक्षकों और आम जनता में प्रौद्योगिकी के महत्व के बारे में जागरुकता पैदा करने, इसकी उपयोगिता और देश के समग्र विकास के लिए व मानव जाति लाभ के लिए हर साल 11 मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाने की योजना चलाई जा रही है। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के दौरान संबंधित संस्थान द्वारा व्याख्यान, सेमिनार, पोस्टर प्रतियोगिता व प्रदर्शनियों आदि जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इस योजना के तहत राज्य के पॉलिटेक्निक/औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान को 10,000/– रुपये और इंजीनियरिंग कॉलेज/विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग व प्रौद्योगिकी विभाग को 20,000/– रुपये की वित्तीय सहायता का प्रावधान है। वर्ष 2017–18 के दौरान 10 पॉलिटेक्निक/औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान और 17 इंजीनियरिंग कॉलेज/विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग व प्रौद्योगिकी विभाग को 4.40 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की।

**(xii)** हरियाणा विज्ञान प्रतिभा खोज योजना **(Haryana Science Talent Search Scheme)**

प्रतिभावान छात्रों का पोषण एवं विज्ञान विषयों की तरफ रुझान बढाने के लिए हरियाणा विज्ञान प्रतिभा खोज योजना चलाई जा रही है। इसके अंतर्गत हरियाणा राज्य में स्थित स्कूलों के 10वीं कक्षा में पढ रहे छात्रों का राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा (एन.टी.एस.ई). पहले स्तर की परीक्षा के आधार पर एस.सी.ई.आर.टी., गुरुग्राम द्वारा 1,000 मेंधावी छात्रों का चयन किया जाता है। चयनित छात्रों को 11वीं और 12वीं कक्षाओं के दौरान 1500/– रूपये प्रतिमाह की राशि योजना की शर्तो के अनुसार दी जाती है। एस.सी.ई.आर.टी., गुरुग्राम ने नवंबर, 2017 में एन.टी.एस.ई. पहले स्तर की परीक्षा आयोजित की।

**(xiii)** सोनीपत में सांइस सिटी की स्थापना **(Setting up of Science City at Sonipat)**

माननीय मुख्यमंत्री, हरियाणा ने दिनांक 11.02.2016 को सोनीपत में एक साइंस सिटी स्थापित करने की घोषणा की थी। विभाग ने संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार को सोनीपत में सांइस सिटी की स्थापना के लिए निर्धारित प्रतिबद्धताओं के साथ परियोजना को अनुमोदित करने का अनुरोध किया। जिसपर मंत्रालय ने जवाब दिया कि सोनीपत की जगह सांइस सिटी की स्थापना के लिए उचित नहीं है। इस बारे में डॉ0 महेश शर्मा, पर्यटन एंव संस्कृति राज्य मंत्री, तथा श्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री हरियाणा के बीच दिनांक 2 जून 2017 को एक बैठक आयोजित की गई जिसमें निम्नलिखित निर्णय लिए गएः–

- भारत सरकार का संस्कृति मंत्रालय, हरियाणा सरकार के एन.सी.आर में सांइस सिटी की स्थापना के प्रस्ताव से सैद्धान्तिक रूप से सहमत है।
- राज्य सरकार सांइस सिटी के लिए निशुल्क जमीन उपल्बध करवाएगी जिसका राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद् द्वारा उपयुक्तता हेतु निरीक्षण किया जाएगा।

- परियोजना राशि का हिस्सा केन्द्रीय सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा केन्द्रीय सरकार के दिशा निर्देशनुसार वहन किया जाएगा।

  उपरोक्त निर्णय अनुसार गुरूग्राम में निम्नलिखित साईटों का चयन किया गया जिनका संस्कृति मंत्रालय की टीम द्वारा निरीक्षण किया जाएगाः–

  1. बायोडायर्वसिटी पार्क गांव नाथुपुर में नगर निगम गुरूग्राम की जमीन।
  2. ग्लोबल सिटी गांव हरसरू में एच.एस.आई.आई.डी.सी की जमीन।
  3. धनचिड़ी कैम्प गांव डुंडाहेड़ा में हरियाणा पर्यटन विभाग की जमीन।
  4. गांव बजगेड़ा की पंचायती जमीन।
  5. सैक्टर–33 गुरूग्राम में हुडड़ा की जमीन।
  6. गांव डुंडाहेड़ा में इंडियन ड्रग्स एण्ड फार्मास्यिुटिकल की जमीन।

(xiv) अंबाला में उप क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र की स्थापना **(Setting up of Sub-Regional Science Centre at Ambala)**

अंबाला में उप क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र की स्थापना के लिए नगर निगम अम्बाला ने वार हिरोज मेमोरियल की जगह के साथ 5 एकड़ भूमि को अंतिम रूप दे दिया गया तथा उपरोक्त साईट की राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद् की एक टीम द्वारा दिनांक 10 जनवरी 2017 को निरीक्षण किया गया। साइट को राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद् की टीम ने परियोजना के लिए उपयुक्त पाया तथा उन्होनें कहा कि स्थान को एन.सी.एस.एम को सौंपने से पहले जमीन को समतल, चारदीवारी का निर्माण तथा बिजली की एच.टी/एल.टी की लाईनों की शिफटिंग का काम किया जाए।

उपरोक्त भूमि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के नाम दिनांक 30 मार्च 2017 को पंजीकृत की गई। यह जमीन नीची तथा पानी से भरी हुई थी इसलिए पानी निकालने का कार्य, मिट्टी भराई का कार्य, जमीन समतल का कार्य तथा चार दीवारी के निर्माण का कार्य लोक निर्माण विभाग, हरियाणा, अंबाला द्वारा करवाया जा रहा है। इंडियन ऑयल की पाइप लाईन का मुददा उपायुक्त अम्बाला की सहायता से सुलझा लिया गया है। चार दीवारी निर्माण कार्य पूरा होने के बाद परियोजना की साइट को राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद को आगे का कार्य करने हेतु सौंप दिया जाएगा।

(xv) बौद्विक संपदा सुविधा केन्द्र एवं पेटेंट सूचना केन्द्र **(Intellectual Property Facilitation Centre and Patent Information Centre)**

भारत सरकार द्वारा हरियाणा में बौद्विक संपदा अधिकार की जागरूकता के लिए दो सूचना केन्द्र हरियाणा राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद मे स्थापित किए गए जिनमें से एक सुविधा केन्द्र सूक्ष्म, लघु और मध्यम मंत्रालय द्वारा हरियाणा के उद्योगों में बौद्विक संपदा अधिकार की जागरूकता के लिए एवं तकनीकी सुविधाएं प्रदान करने के लिए खोला गया है और दूसरा पेटेंट सूचना केन्द्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा हरियाणा के विश्वविद्यालयों/संस्थानों में कार्यरत डाक्टरों/ वैज्ञानिकों/शोधकर्ताओ को बौद्विक संपदा अधिकार की जागरूकता एवं तकनीकी जानकारी के लिए खोला गया है।

इसके तहत वर्ष 2017–18 में राज्य के विश्वविद्यालयों में बौद्विक संपदा अधिकार जागरूकता कार्यक्रम के कार्यान्वन हेतू, विभाग ने पांच विश्वविद्यालयों/संस्थाओं नामित विश्वविद्यालय अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, हरियाणा अंतरिक्ष उपयोग केंद्र, हिसार, लिंगया विश्वविद्यालय फरीदाबाद, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरूक्षेत्र, मानव रचना अन्तर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय फरीदाबाद में प्रत्येक को 30,000/– रूपये की राशि कार्यशाला आयोजित करने हेतू जारी की। इसके अतिरिक्त 20,000/– रूपये जन नायक चौधरी देवी लाल मेमोरियल कालेज सिरसा को जारी की गयी। वर्ष के दौरान नौ विश्वविद्यालयों/संस्थानों में उपरोक्त कार्यशाला का आयोजन/व्याख्यान किया गया।

ख. कल्पना चावला स्मारक तारामण्डल, कुरुक्षेत्र **(Kalpana Chawla Memorial Planetarium, Kurukshetra)**

जन साधारण एवं विशेष रूप से विद्यार्थियों में खगोल विज्ञान के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से कुरूक्षेत्र में स्थापित कल्पना चावला स्मारक तारामण्डल का वर्ष के दौरान 1,35,293 लोगों ने भ्रमण किया। तारामण्डल ने टिकटों की बिक्री के द्वारा 30,97,405/– रुपये का राजस्व अर्जित किया। तारामण्डल 12 मीटर के आकार के गुंबद में 120 लोगों के बैठने की व्यवस्था के साथ बनाया गया है। पर्यटकों एवं विद्यार्थियों के लिए खगोल विज्ञान से सम्बधिंत फिल्में दिखाई गई। इस केन्द्र की दीर्घा में खगोल विज्ञान से सम्बन्धित प्रदर्श लगे हुए हैं। स्थायी दीर्घा, समय के साथ यात्रा, दिन और रात, अलग–अलग ग्रहों पर आपका भार, धरती पर मौसम, विश्व समय, अंतरिक्ष में हमारा स्थान, हमारा सौरमण्डल, सौरमण्डल से आगे खगोल प्रदर्शों से पर्यटकों को अवगत कराता है। तारामण्डल में एक खगोल उद्यान है जिसके हरे भरे परिवेश में प्रदर्श जैसे सम्राट यंत्र, सूर्य घड़ी, विश्व समय, आकाश से सम्बन्धित छाता, प्रकाश वृक्ष, सूर्यग्रहण समय के सूचक चिन्ह, गुरूत्व, कूप, ग्रह–पथ और कई अन्य प्रदर्श लगे हुए है।

डॉ. कल्पना चावला की 15वीं पुण्य तिथि के अवसर पर कल्पना चावला स्मारक तारामण्डल मे 'कल्पना को श्रद्धांजलि' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र व उसके आस–पास के राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों व अध्यापकों को अमंत्रित किया गया। इस कार्यक्रम में उनके लिए भिन्न–भिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। आमंत्रित विद्यार्थियों के लिए दो वर्गों में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे श्री दर्शन लाल और श्री गौरव कुमार विज्ञान अध्यापक यमुनानगर द्वारा एक विशेष सत्र "हाथों द्वारा क्रियाकलाप" का आयोजन किया गया। इस सत्र के दौरान छठी कक्षा से दसवी कक्षा तक की एन.सी.ई.आर.टी. की विज्ञान पुस्तकों पर आधारित विज्ञान के प्रयोग अमंत्रित विद्यार्थियों व अध्यापकों के लिए किये गये। इस कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र के भिन्न–भिन्न स्कूलों के लगभग 100 विद्यार्थियों, अध्यापकों व आम दर्शकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अन्त मे सभी विजेताओं को जिला शिक्षा अधिकारी, कुरूक्षेत्र द्वारा पुरस्कार वितरित किये गये।

ग. पादप जैव प्रौद्योगिकी केन्द्र, हिसार **(Centre for Plant Biotechnology, Hisar)**

पादप जैव प्रौद्योगिकी केन्द्र में साजोसामान से युक्त पादप उत्तक संर्वधन प्रयोगशालाएं है जो जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान के साथ–साथ विभिन्न उच्च गुणवता वाले पौधों की उत्तक संवर्धन तकनीक द्वारा गुणात्मक वृद्धि में कार्यरत है। केन्द्र में ग्वारपाठा, सर्पगन्धा, मीठी तुलसी, ब्राहमी, ग्लेडियोलस, बांस, नीलगिरी, सफेदमूसली, डहलिया, आलू, जोजोबा, स्ट्राबेरी, मेंहदी, गन्ना और अन्य पौधों का उत्पादन उत्तक सर्वधन विधि द्वारा किया जाता है।

वर्ष के दौरान केन्द्र ने टिशु कल्चर तकनीक द्वारा उत्पादित विभिन्न किस्म के पौधे सरकारी विभागों व किसानों में वितरित किए और पौधों की बिक्री, प्रशिक्षण एंवम अन्य साधनों से 3,52,392/– रुपये का राजस्व अर्जित किया। वर्ष के दौरान जैव प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित "सर्पेगन्धा, मुहलहेठी और कालमेघ औष्धीय पौधों की फिनोटोपिक, किमोटिपिक और जीनोटिपिक विशेष्ताओं का अध्ययन करना और गुणात्मक बढ़ोतरी करना" परियोजना पूरी की। इसके अतिरिक्त कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हरियाणा द्वारा स्वीकृत परियोजना "सट्राबेरी, केला और गन्ने का उत्पादन व डेमोनस्ट्रेशन" एवं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित परियोजना मक्के के डबल हाईब्रिडस विकास के ओपटिमाईजेशन परियोजनाओं पर कार्य जारी रहा।

वर्ष के दौरान की गई अन्य गतिविधियां

- उत्पादकों के प्रयोग के लिए महत्वपूर्ण पौधों पर साहित्य हिन्दी और अंग्रेजी में छापा गया ।

- टिशु कल्चर प्रौद्योगिकी की गतिविधियों का विभिन्न माध्यमों जैसे समाचार पत्रों, किसान मेलों, कार्यशालाओं तथा प्रदर्शनियों द्वारा का प्रचार किया गया।
- सी.पी.बी द्वारा टिशु कल्चर प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने के लिए 500 छात्रों, 100 किसानों और 20 से ज्यादा वैज्ञानिकों को व्याख्यान एवं प्रयोगों द्वारा समझाया।
- सी.पी.बी के वैज्ञानिकों ने गुरू जम्भेश्वर, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार एवं महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेंलनों में भाग लिया।
- केन्द्र ने 28 फरवरी, 2018 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया जिसमें किसानों को टिशु कल्चर की विभिन्न तकनीकों का प्रर्दशन किया।
- केन्द्र ने 64 स्नातक व स्नात्कोत्तर छात्रों को पादप जैव प्रौद्योगिकी का प्रशिक्षण दिया तथा 600 से ज्यादा वैज्ञानिकों, छात्रों उद्यमियों और किसानों ने सी.पी.बी का भ्रमण किया।

हरियाणा राज्य विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी परिषद् कल्पना चावला स्मारक तारामंडल व पादप जैव प्रौद्योगिकी केन्द्र के अमले की स्थिति अनुबन्ध–12 पर दी गई है।

## हरियाणा अंतरिक्ष अनुप्रयोग केन्द्र, हिसार **(Haryana Space Application Centre, Hisar, HARSAC)**

हरसैक द्वारा वर्ष 2017–18 में की गई मुख्य परियोजनाओं का ब्यौरा निम्नलिखित हैः–

**(i)** नगर निगम गुरूग्राम के लिए भू–स्थानिक अनुप्रयोग **(Geospatial Applications for Municipal Corporation Gurugram)**

इस परियोजना को नगर निगम, गुरूग्राम (एमसीजी) ने एमसीजी में जीआईएस प्रयोगशाला स्थापित करने के लिए प्रायोजित किया गया था। आधारिक संरचना जिला प्रशासन द्वारा प्रदान की गयी और तकनीकी जनशक्ति हरियाणा अंतरिक्ष अनुप्रयोग केन्द्र द्वारा तैनात की गयी। यह प्रयोगशाला संपूर्ण गुरूग्राम जिले और एनसीआर क्षेत्र के लिए परियोजनाएं क्रियान्वित कर रही है। इसका उद्देश्य गुरूग्राम जिले का जीआईएस डाटाबेस बनाना है। यह भू–स्थानिक टेक्नोलॉजी के माध्यम से निर्णय समर्थन प्रणाली विकसित करने के लिए एक अभिनव परियोजना है। इस जीआईएस प्रयोगशाला में नीचे सूचीबद्ध परियोजनाओं के कार्य प्रगति पर हैं (इस परियोजना के मानचित्र / छवि अनुबंध 01 में दिए गए है):

- नगर परिषद् सोहना के अनाधिकृत कॉलोनियों का मानचित्रण।
- एमसी सोहना सीमा के तहत कर योग्य संपत्ति के उपग्रह चित्रों से फ़ीचर एक्सट्रैक्शन।
- स्मार्ट ग्रिड नेटवर्क डिजिटलीकरण।
- मानेसर तहसील के भूमि रिकॉर्ड अद्यतन।
- डेवलपर्स और मालिकों के विवरण के साथ संपत्ति लाइसेंस परत सर्जन करना।
- एमसीजी सीमाओं के अंतर्गत क्षेत्र की खसरा मैपिंग।
- नागरिक सेवाओं की परते जैसे– सीवर पाइपलाइन, पानी पाइपलाइन, जल निकासी, स्वामित्व वाली सड़कों, एचटी लाइन, रेल, हरियाली क्षेत्र, यातायात सिग्नल लाइट, सड़क लाइट आदि का हुड्डा क्षेत्रों के साथ–साथ निजी क्षेत्रों / उपनिवेशों का भी मानचित्रण।
- संपत्ति कर भुगतान के लाइव परिवर्तनों को प्रदर्शित करने के लिए एक वेब पोर्टल डिज़ाइन किया गया है। ऑनलाइन एमसीजी प्रॉपर्टी टैक्स पोर्टल की कर गणना, बिल सर्जन करने और उपयोगकर्ताओं द्वारा शिकायती को प्रस्तुत करने के लिए अपडेट किया गया है।
- जीआईएस प्रयोगशाला और जीएमडीए में "वनमैप" गुरूग्राम वेब पोर्टल की तकनीकी सहायता।

- आईटीआई गुरूग्राम में नए विषय "भू–सूचना विज्ञान सहायक" के तहत जीआईएस प्रयोगशाला के विकास के लिए हरियाणा स्पेस एप्लीकेशन सेंटर नोड तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है।

**(ii)** नगर निगम रोहतक के लिए भू–स्थानिक अनुप्रयोग **(Geospatial Applications for Municipal Corporation Rohtak)**

नगर निगम रोहतक में हाई रिज़ोलुशन उपग्रह डेटा का उपयोग करते हुए रोहतक शहर की एमसी सीमाओं में सभी कालोनियों के विस्तृत आधार मानचित्र तैयार करने के लिए एक जीआईएस प्रयोगशाला स्थापित की गई है। इस परियोजना का उद्देश्य रोहतक शहर में हाई रिज़ोलुशन डेटा का उपयोग कर के अनधिकृत कॉलोनियों के विस्तृत मानचित्र बनाना है। इसमें संबंधित यूएलबी से डिजिटल/हार्ड कॉपी प्रारूप में एमसी, वार्ड सीमा, मास्टर प्लान, शहर नियोजन क्षेत्र और मानचित्रों की क्षेत्राधिकार सीमाओं का संग्रह और भू–संदर्भ, ऑर्थो उपग्रह डेटा का संशोधन, रैखिक सुविधाओं का निष्कर्षण और उपग्रह डेटा से घरेलू सीमाएं और अंतिम हार्ड कॉपी सृजन, मूल्यांकन और स्वीकृति शामिल है। रोहतक की सभी 112 कॉलोनियों का कैडस्ट्रल मैपिंग का कार्य पूरा हो चुका है। रेलवे लाइन, सड़कों, सीवर लाइनों, पानी पाइपलाइनों, बूस्टिंग स्टेशन, एसटीपी स्थान का मानचित्रण कार्य पूरा हो चुका है (इस परियोजना के मानचित्र/छवि अनुबंध 02 में दिए गए है)

**(iii)** जिला मुख्यालय जींद में जीआईएस लैब की स्थापना **(Setting up of GIS Lab at District Head Quarter Jind)**

हरियाणा अंतरिक्ष अनुप्रयोग केन्द्र ने जिला प्रशासन, जींद के सहयोग से जीआईएस प्रयोगशाला स्थापित की है। आधारिक संरचना जिला प्रशासन द्वारा प्रदान की गयी और तकनीकी जनशक्ति हरियाणा अंतरिक्ष अनुप्रयोग केन्द्र द्वारा तैनात की गयी। यह प्रयोगशाला जींद जिले के लिए परियोजना को कार्यान्वित कर रही है। इस परियोजना का उद्देश्य प्रशासनिक कार्यों में भू–स्थानिक प्रौद्योगिकी के माध्यम से योजना, परियोजना कार्यान्वयन, निगरानी, विकास, प्रबंधन और निर्णय समर्थन प्रणाली में जीआईएस के अनुप्रयोगों को विकसित करना है।

इस जीआईएस प्रयोगशाला में निम्नलिखित कार्य शुरू किये गए हैं:

- एमसी जींद के लिए आधार डेटा और प्रशासनिक सीमाओं की परत तैयार करना।
- इलेक्ट्रिक खम्भों का फील्ड सर्वेक्षण।
- मास्टर प्लान की तैयारी।
- जींद के स्वास्थ्य विभाग के लिए व्यापक डेटाबेस की तैयारी, जैसे स्थान, प्रबंधन प्राधिकरण के साथ सुविधाओं के प्रकार, भवनों के प्रकार, कर्मचारी का नाम और आपातकालीन संपर्क, ओपीडी मासिक विवरण और वितरण मामलों के विवरण के साथ विस्तृत डेटाबेस की तैयारी।
- आधार से जुड़े मालिक विवरण के साथ घरेलू अनुक्रमण।

**(iv)** भिवानी के नगर क्षेत्र में संपत्ति कर के लिए यूएवी आधारित भू–स्थानिक मानचित्रण **(UAV based Geospatial Mapping for Property Tax in Municipal Area of Bhiwani)**

यह परियोजना भिवानी नगर समिति द्वारा संपत्ति कराधान कार्य के लिए भूस्थानिक सक्षम मंच बनाने के लिए प्रायोजित है। एमसी भिवानी के लिए यूएवी चित्र का संग्रह कर लिया गया है, और वार्ड–वार संपत्ति के पदचिह्नों के मानचित्रण का काम पूरा कर लिया गया है। वास्तविक समय के आधार पर संपत्ति कर क्षेत्र सर्वेक्षण को पूरा करने के लिए एक ऑनलाइन ऐप विकसित की गयी है। वार्ड 1 और 2 के क्षेत्र का सर्वेक्षण कार्य पूरा हो गया है। ( इस परियोजना के मानचित्र /छवि अनुबंध 03 में दिए गए है)

**(v)** भू–स्थानिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करके हाई रिज़ोलुशन उपग्रह चित्र द्वारा गुरूग्राम और फरीदाबाद के लिए शहरी परिवर्तन प्रबंधन विश्लेषण (एक वर्ष में 4 बार) **(Urban Change Management Analysis using Geo Spatial Technology for Gurugram and Faridabad using High Resolution Satellite Image (Four times in a year)**

इस परियोजना का उद्देश्य गुरूग्राम और फरीदाबाद क्षेत्र में हुए शहरी विस्तार का आकलन करना तथा सीमा के तहत शहरी अतिक्रमण का ब्यौरा प्रदान करना है। इस परियोजना के काम का दायरा इस प्रकार है:

- आधार वर्गीकृत छवि के रूप में ऑर्थो–इमेज का उपयोग करके अध्ययन क्षेत्र भूमि उपयोग/भूमि कवर का मानचित्रण तैयार करना।
- नगरपालिका सीमा और इसके नियंत्रित क्षेत्र का मानचित्रण तैयार करना।
- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड अधिनियम, 1985 के मौजूदा वैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले शहरी और नियंत्रित क्षेत्रों में मासिक अंतराल पर नई संरचनाओं में परिवर्तन की निगरानी।
- भू–टैग किए गए फोटो, स्थान (अक्षांश, देशांतर), अनूठी संख्या और आस–पास के स्थलों का मोबाइल ऐप का उपयोग करके परिवर्तन/विकास के फील्ड सत्यापन तैयार करना।
- परिवर्तन मैट्रिक्स का निर्माण और गुरूग्राम और फरीदाबाद में समय शहरीकरण पैटर्न के प्रसार, गति और दिशा का चित्रण करना।

**(vi)** भू–स्थानिक प्रौद्योगिकी का उपयोग कर के यूएवी डेटा द्वारा करनाल के लिए शहरी परिवर्तन प्रबंधन विश्लेषण (एक वर्ष में 4 बार) **(Urban Change Management Analysis using Geospatial Technology for Karnal using UAV Data (Four times in a year)**

इस परियोजना का उद्देश्य स्थान और सीमा के संदर्भ में शहरी अतिक्रमण पर स्पष्ट ध्यान देने के साथ करनाल के क्षेत्र में होने वाले शहरी विस्तार का आकलन करना है। इस परियोजना के लिए डीयूएलबी द्वारा 19,64,619/– रूपये की कुल राशि जमा की गयी है। इस परियोजना के काम का दायरा इस प्रकार है:

- ऑर्थो–इमेज का उपयोग करके अध्ययन क्षेत्र की भूमि उपयोग/भूमि कवर का मानचित्रण तैयार करना।
- नगरपालिका सीमा और इसके नियंत्रित क्षेत्र का मानचित्रण तैयार करना।
- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड अधिनियम, 1985 के मौजूदा वैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले शहरी और नियंत्रित क्षेत्रों में मासिक (अक्षांश, देशांतर), अनूठी संख्या और आस–पास के स्थलों के साथ मोबाइल ऐप का उपयोग करके परिवर्तन/विकास के फील्ड सत्यापन किये जायेंगे।
- परिवर्तन मैट्रिक्स का निर्माण और करनाल में समग्र शहरीकरण पैटर्न के प्रसार, गति और दिशा का चित्रण करना।

**(vii)** नगर निगम फरीदाबाद में जीआईएस प्रयोगशाला की स्थापना **(Setting up of GIS Lab at Municipal Corporation, Faridabad)**

इस प्रयोगशाला का उद्देश्य जीआईएस मंच का उपयोग कर निर्णय समर्थन प्रणाली को बनाए रखने के लिए भू–स्थानिक डेटाबेस उत्पन्न करना है इसके काम का दायरा इस प्रकार है:

- अन्य संबंधित सीमाओं के साथ एमसीएफ सीमा के तहत अधिसूचित किए जाने वाले क्षेत्र के लिए सीमा बनाना और जमा करना।
- जीआईएस आधारित विकास योजना की डिजिटाइजेशन और तैयारी।
- एमसी फरीदाबाद के लिए जीआईएस आधारित संपत्ति कर पोर्टल का विकास।
- स्मार्ट सिटी विकास के लिए उपयोगिता मानचित्रण।
- नगर निगम फरीदाबाद के जीपीएस और डीजीपीएस सर्वेक्षण।

